This question paper contains 4 printed pages.

**B.Com. (Pt. - III)** **Roll No. ........**

# 3339 - II (i)

**Accy. & Bus. Stat. II**

**B.Com. (Part - III) EXAMINATION - 2021**

**(10+2+3 Pattern)**

**(Faculty of Commerce)**

**ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS**

**Second Paper**

**Advanced Accountancy**

**Time Allowed: Three Hours**

**Maximum Marks : 100**

Attempt any five question in all selecting one question from each unit.

प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न करते हुए कुल पाँच प्रश्न हल करने है।

No supplementary answer book will be given to any candidate. Hence the candidates should write the answers precisely in the main answer book only.

All the parts of one question should be answered at one place in the answer book. One complete question should not be answered at different places in the answer book.

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर – पुस्तिका नहीं दी जायेगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें।

किसी भी एक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर उत्तर–पुस्तिका में अलग–अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर हल करें।

1. A firm had two departments: Cloth and Readymade Cloths. The Readymade clothes were made by the firm itself out of cloth supplied by the cloth department as its usual selling price. From the following figures prepare Departmental Trading and Profit & Loss Account for the year ended 31st March, 2020.

एक फर्म के दो विभाग है: कपड़ा और तैयार वस्त्र। तैयार वस्त्र फर्म द्वारा ही बनाये जाते है तथा इसके लिए कपड़ा – कपड़ा विभाग द्वारा उसके सामान्य विक्रय मूल्य पर दिया जाता है। निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए विभागीय व्यापार एवं लाभ–हानि खाता बनाइये :

| | Cloth Deptt. | Readymade Clothes Deptt. |
|---|---|---|
| Opening Stock | 30,000 | 5000 |
| Purchases | 2,00,000 | 1500 |
| Sales | 2,20,000 | 45,000 |
| Transfer to Readymade cloth Department | 30,000 | — |
| Manufacturing Exp. | — | 6,000 |
| Selling Expences | 2000 | 600 |
| Closing Stock | 20,000 | 6,000 |

The stock in the Readymade clothes department may be considered as consisting of 75% cloth and 25% other expenses. The cloth department earned gross profit at the rate of 15% in the previous year. General expenses of the business as a whole come to ₹11000.

20

तैयार वस्त्र विभाग के स्टॉक में 75% कपड़ा तथा 25% अन्य व्यय सम्मिलित है। कपड़ा विभाग ने पिछले वर्ष में सकल लाभ 15% की दर से अर्जित किया था। सम्पूर्ण व्यवसाय का सामान्य व्यय ₹11000 थे।

**OR/ अथवा**

From the following particulars, prepare branch account in the books of head office for the year ending 31st March, 2020.

20

निम्नलिखित विवरणों से प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए शाखा खाता तैयार कीजिए।

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Opening Balance (1-4-2019) | | Discount Allowed | 1000 |
| Stock | 11500 | Cash remitted to br.for expenses | |
| Debtors | 18500 | Salary & Wages | 4500 |
| Petty Cash | 8000 | Rent | 3600 |
| Furniture | 20,000 | Petty Expenses | 1350 |
| Goods Sent to Branch | 1,10,000 | Other Expenses | 2400 |
| Cash Sales | 78000 | Good Theft by employee | 600 |
| Credit Sales | 62,000 | Closing balance at Branch | |
| Goods Sent to Br. (Return) | 600 | Stock | 8600 |
| Return Inwards | 500 | Debtors | 13750 |
| Bad-debts | 1250 | Petty Cash | 4500 |

## UNIT - II/ इकाई – II

2. What are investment accounts? Discuss the accounting treatment of purchase and safe of investments in the books of a company. Give journal entries with imaginary figures. 4+8+8

विनियोग खाते क्या है? एक कम्पनी की पुस्तकों में विनियोगों की खरीद एवं बिक्री के सम्बन्ध में लेखांकन व्यवहार समझाइए। काल्पनिक आंकड़ों सहित जर्नल प्रविष्टियां दीजिए।

**OR/ अथवा**

The Shivam Mining Ltd. has taken a lease of Zinc mine from Mrs. Anita for a period of 20 years on April 1, 2016. The royalty is payable @ ₹50 per ton of Zinc raised with a minimum rent of ₹1,25,000 per year. The excess paid over actual royalty in any year can be recouped out of the surplus arising in subsequent year only. In the event of a strike actual royalty, if less than minimum rent, will discharge all rental obligations.

दि शिवम् माइनिंग लिमिटेड ने श्रीमती अनिता से एक जस्ता (जिंक) खान का पट्टा 20 वर्षों के लिए 1 अप्रैल, 2016 को लिया। अधिकार शुल्क ₹50 प्रति टन, ₹1,25,000 न्यूनतम किराये के साथ देय है। किसी भी वर्ष में वास्तविक अधिकार शुल्क से अधिक चुकाई गयी राशि की पूर्ति उसके तुरन्त बाद के वर्ष के अधिक्य में से ही की जा सकती है। हड़ताल की परिस्थिति में, वास्तविक अधिकार शुल्क ही, यदि न्यूनतम किराये से कम है किराये सम्बन्धी समस्त दायित्वों का निष्पादन करेगा।

| Year ended 31st March | 2012 | 2013 | 2014 (Strike Year) |
|---|---|---|---|
| Output (Tons) | 2000 | 2800 | 1500 |

Prepare necessary ledger accounts in the books of the Shivam Mining Ltd. assuming that payment is made on 30th June of the following year. https://www.uoronline.com 20

दि शिवम माइनिंग लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक खाते यह मानते हुए बनाइये कि भुगतान आगामी वर्ष को 30 जून को किया जाता है।

## UNIT - III/ इकाई – III

3. Explain the meaning of a Holding Company with atleast four examples? What information relating to subsidiary companies are to be seperately disclosed by the holding company according to the Companies Act, 2013. 8+12

कम से कम चार उदाहरणो की सहायता से एक सूत्रधारी कम्पनी का अर्थ स्पष्ट कीजिए। कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार एक सूत्रधारी कम्पनी को सहायक कम्पनियों के सम्बन्ध में क्या सूचनायें प्रदर्शित करनी होती है?

**OR/ अथवा**

What is a consolidated Profit and Loss Statement? Why and how is it prepared? Illustrate your answer by giving a suitable example. 4+2+6+8

एक एकीकृत लाभ–हानि का विवरण क्या है? यह क्यों और कैसे तैयार किया जाता है? एक उपयुक्त उदाहरण देकर अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिये।

## UNIT - IV/ इकाई – IV

4. What is amalgamation of Companies? Describe main features of AS - 14 regarding Accounting for Amalgamation. 5+15

कम्पनियों का एकीकरण क्या है? एकीकरण के लेखांकन के सम्बन्ध में लेखा प्रमाप – 14 (AS - 14) के मुख्य बिन्दुओं की विवेचना कीजिये।

**OR/ अथवा**

What are the different method of alteration of share capital, as provided under the Companies Act, 2013? Discuss the legal and accounting procedure of each of them. 4+4+4+4+4=20

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत अंशपूँजी परिवर्तन की कौन–कौन सी विधियाँ वर्णित है? उनमें से प्रत्येक के लिए वैधानिक एवं लेखांकन प्रक्रीय का वर्णन कीजिए।

## UNIT - V/ इकाई – V

5. What is Statement of Affairs? When is it prepared? Give a specimen form of this statement with imaginary figures. 3+3+14

स्थिति विवरण क्या है? यह कब बनाया जाता है? इस विवरण का एक नमूना काल्पनिक समंकों की सहायता से बनाइये।

**OR/ अथवा**

The work which had original cost ₹ 1,30,000 is completely replaced by a gas company at the cost of ₹ 3,30,000. In building of new work, material of old work of ₹4600 was re-used and some material of old works was sold for ₹8400. The cost of labour and material is respectively 15% and 12½% higher now in comparison to their costs incurred when the old works were built. The ratio of material cost and labour cost in the old works was 7:3.

You are required to make necessary calculation and give journal entries to record replacement of works. How will this transaction appear in the statement of Receipt and Expenditure on Capital Account of the Gas Company? 20

एक गैस कम्पनी ने अपने कारखाने का ₹3,30,000 पर पुनर्स्थापन किया है जिस कारखाने का पुनर्स्थापन किया है उसकी मूल लागत ₹1,30,000 थी। नये कारखाने को बनाने में ₹4600 की पुरानी सम्पत्ति में प्रयुक्त की गई सामग्री काम में ली गई तथा पुराने कारखाने की शेष सामग्री को ₹8400 मे बेचा गया। श्रम तथा सामग्री की लागत में, उस समय की उनकी लागतों की तुलना में जबकि पुराना कारखाना बनाया गया था क्रमश 15% व 12½ % की वृद्धि हुई है। पुराने कारखाने में प्रयुक्त सामग्री और श्रम की लागत का अनुपात 7:3 था।

आपको कारखाने के पुनर्निर्माण से सम्बन्धित आवश्यक परिकलन करना है तथा जर्नल प्रविष्टियाँ देनी है। सम्बन्धित मदें गैस कम्पनी के पूँजी खाते पर प्राप्तियों व व्ययों के विवरण–पत्र में किस प्रकार दिखाई जायेगी।